तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन को लेकर सभी तैयारियां पूरी, मतदान आज

शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए प्रशासन मुस्तैद

सीतामढ़ी। बिहार विधान परिषद के 04 तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वच्छ एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन तथा मतदान के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आज डुमरा स्टेडियम में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों, मतदान पदाधिकारी 1, 2 एवं 3, माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिस पदाधिकारियों तथा दंडाधिकारियों को ब्रीफिंग दी। इस दौरान मतदान प्रक्रिया, अधिकारियों एवं कर्मियों के दायित्वों, निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों तथा सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने सभी पीठासीन पदाधिकारियों एवं मतदान कर्मियों को निर्देश दिया कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखें। उन्होंने मतदान कर्मियों को अपने दायित्वों एवं कार्यप्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी रखने तथा मतदान से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का निर्धारित नियमों के अनुरूप पालन करने को कहा। उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों एवं



संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने दायित्व क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहें तथा मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का समुचित अनुश्रवण करें। मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या, भ्रम अथवा असामान्य स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल वरीय पदाधिकारियों को सूचित किया जाए, ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा निर्धारित दिशा-निर्देशों की अनदेखी स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता एवं निर्धारित नियमों के अनुपालन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करें, ताकि निर्वाचन की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनी रहे।

ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अमित रंजन ने निर्वाचन के मद्देनजर की गई सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा अपने निर्धारित दायित्वों का पूरी तत्परता से निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले प्रयासों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में अनावश्यक भीड़ एकत्रित करने अथवा समूह बनाकर खड़े होने की अनुमति नहीं होगी। निर्वाचन संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील परिस्थितियों के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी संबंधित पदाधिकारियों को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान विधि-व्यवस्था संधारित रखने को कहा।

तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के मद्देनजर सीमा पर 27 चेकपोस्ट स्थापित

सीतामढ़ी। सहायक निर्वाची पदाधिकारी तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी अमित रंजन के निर्देश पर बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वि वार्षिक निर्वाचन 2026 के लिए 23 अक्टूबर को निर्धारित मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने, विधि व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण के बाबत सीतामढ़ी जिला के 27 स्थानों पर बॉर्डर सीलिंग के लिए चैकपोस्ट का निर्माण किया गया है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्वि-वार्षिक निर्वाचन, 2026 स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसके लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 27 चेकपोस्ट स्थापित किया गया है। प्रमुख चेक-पोस्ट स्थलों में सीतामढ़ी थाना अंतर्गत रीगा मोड़ बांध, कन्हौली थाना अंतर्गत रामनगरा चौक, रुन्नीसैदपुर थाना अंतर्गत रुन्नीसैदपुर पुपरी मोड में औराई मोड़, महिंद्रवारा थाना अंतर्गत कोरलहिया चेक पोस्ट, बथनाहा थाना अंतर्गत बरियारपुर चौक, रीगा थाना अंतर्गत सिंहोरवा, बाजपट्टी थाना अंतर्गत सनडवारा गेट पुपरीङ्क सीतामढ़ी रोड, बैरगनिया अंतर्गत फुलवरिया घाट, बेला थाना अंतर्गत मनपौर पेट्रोल पम्प, बेलसंड थाना अंतर्गत भटौलीया पुल, भिट्ठा थाना अंतर्गत नैनही बॉर्डर, पुनौरा थाना अंतर्गत मनियारी चौक चोरौत थाना अंतर्गत नेहाल गैस गोदाम, गाढ़ा अंतर्गत चमनिया पुल, डुमरा के मुंहचटी, मेहसौल के बसबडीया चौक, भुतही के फुलकाहा मोड़, मेजरगंज के खैरवा मोड़, सहियारा के मनरिया चौक, परिहार के वारह सुपिहारा तेल डिपो के पास, बोखड़ा के खड़का चौक, परसौनी के पमरा पुल, सोनबरसा के चिल्लारा मोड़, नानपुर के मौराहा पुल, सुप्पी के नरहा तिनमुहानी, सुरसंड के श्रामबाग, पुपरी में भामा चौक, सहित 27 स्थल शामिल हैं। चेकपोस्ट पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **प्रभात कुमार पुत्रः अवध कुमार सिंह पताः** ग्राम मुल्लाहेड़ा, सेक्टर 22, गुरुग्राम, हरियाणा एवं वार्ड नंबर 14, राजखंड, पीएस ओरल, मुजफ्फरपुर, बिहार **FIR No: 258/2025, U/S: 125(a)/281/106(1) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः कापसहेड़ा, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रभात कुमार,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रभात कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **प्रभात कुमार, FIR No: 258/2025, U/S: 125(a)/281/106(1) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः कापसहेड़ा, नई दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

रोहित कुमार
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–10
दक्षिण–पश्चिम जिला, कोर्ट नं. 316
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14161/SW/2026
(Court Matter)

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, अरवल
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–11 वर्ष 2026–27

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, अरवल।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : 27.10.2026 को अपराह्न 1.00 बजे अप0 तक।
3. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 28.10.2026 को अपराह्न 3.00 बजे अप0 तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 28.10.2026 को अपराह्न 3.30 बजे अप0 तक।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, अरवल। (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, गया। (ग) सहायक अभियंता–01/02, भवन प्रमंडल, अरवल का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक–5 के अनुसार।
7. कार्य का विवरण :–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (रू0)	अग्रधन की राशि राशि (रू0)	परिमाण विपत्र का मूल्य (O-Grass के माध्यम से)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Concertina Coil/wire over the Boundary wall of OBC (+2) Girls Residencial High School arwal (Mali) at Arwal in year 2026-27	8,73,101.00	18,000.00	1250.00	15 दिन

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014011 (BCD) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, अरवल

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

देसी पिस्टल व दो गोली के साथ युवक गिरफ्तार

सीतामढ़ी। रीगा थाना क्षेत्र के पकड़ी-महेशिया पथ पर सोमवार की देर रात पुल के समीप पुलिस ने एक युवक को देशी पिस्टल, दो गोली और अपाचे बाइक के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार युवक की पहचान सोनबरसा थाना क्षेत्र के सोनबरसा निवासी विरेन्द्र सहनी के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है।पुलिस उससे पूछताछ कर मंगलवार की रोज न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक रोहित कुमार किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घुम रहा था।रीगा थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि वह पुलिस जवान के साथ बाइक से महेशिया स्थित पूजा पंडाल का जायजा लेकर लौट रहे पकड़ी की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान पकड़ी-महेशिया पथ पर पुल के समीप कुछ लोग खान-पान कर रहे थे। पुलिस उन लोगों की तलाशी ले रही थी, तभी अपाचे बाइक से महेशिया की ओर आ रहे एक युवक की नजर पुलिस पर पड़ी।

MAHARAJA LOTTERY
22.10.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	20
09.00	M-Two	90
09.30	M-Three	46
10.00	M-Four	62
10.30	M-Six	86
11.00	M-Eight	94
11.30	M-Nine	90
12.00	M-Ten	97
12.30	M-Eleven	11
01.00	M-Tweleve	20
01.30	M-Fourteen	75
02.00	M-Fifteen	79
02.30	M-Seventeen	56
03.00	M-Eighteen	28
03.30	M-Nineteen	34
04.00	M-Twenty	92
04.30	M-Twenty-one	64
05.00	Mahajara Twenty	45
05.30	Mahajara Twenty one	63
06.00	Mahajara Twenty	16

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

11 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा पदाधिकारी का प्रशिक्षण शुरू

सीतामढ़ी। राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना के निर्देशानुसार सिविल सर्जन डॉ. आर. के. यादव के नेतृत्व में सीतामढ़ी सदर अस्पताल में 11 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) के चिकित्सा पदाधिकारियों एवं प्रयोगशाला प्रावैधिकियों (लैब टेक्नीशियन) का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को सुरक्षित रक्त भंडारण (ब्लड स्टोरेज) की तकनीकी प्रक्रियाओं में दक्ष बनाना है।कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सिविल सर्जन डॉ. आर. के. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण और प्रखंड स्तर पर आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गंभीर दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों में समय पर रक्त मिलना जीवन रक्षा के लिए निर्णायक होता है। इस व्यवस्था के प्रभावी होने से जिले के दूर-दराज क्षेत्रों के मरीजों को रक्त के लिए जिला मुख्यालय पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। विशेष रूप से प्रसव संबंधी जटिलताओं, अत्यधिक रक्तस्राव से जूझ रहीं गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से घायल मरीजों को समयबद्ध रक्त उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और रेफरल मामलों के दबाव को घटाने में बड़ी मदद मिलेगी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. मनोज कुमार, सुरसंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राम किशोर सिंह, डीपीएम विजय झा, पीरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक प्रभाकर कुमार, कार्यक्रम लीड रोहित कुमार तथा जिला स्वास्थ्य समिति के प्रियरंजन और संजय कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

सांसद देवेश चंद्र ठाकुर की पहल से उमाशंकर की वापसी की उम्मीद

मनमाड रेलवे स्टेशन से लापता, रेलवे पुलिस के डीजी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर से मांगी मदद

सीतामढ़ी। जिले के रीगा थाना क्षेत्र अंतर्गत योगवाना गांव निवासी उमाशंकर ठाकुर के लापता होने से चिंतित परिजनों के लिए अब उम्मीद की किरण जगी है। सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उनकी तलाश और सकुशल वापसी के लिए पहल की है। सांसद ने महाराष्ट्र रेलवे पुलिस के डीजी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर देवेन भारती से संपर्क कर उमाशंकर ठाकुर को खोजने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उमाशंकर ठाकुर पिछले



दिनों मुंबई जाने के दौरान नासिक से पहले मनमाड रेलवे स्टेशन से लापता हो गए थे। उनके अचानक लापता हो जाने से परिजन परेशान हैं और उनकी खोजबीन में जुटे हैं। काफी प्रयासों के बावजूद उनका पता नहीं चलने पर स्वजन ने सांसद से संपर्क किया है। सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने परिवार की परेशानी को समझते हुए रेलवे पुलिस के डीजी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर से मदद मांगी है। सांसद की इस पहल से परिजनों में उमाशंकर ठाकुर के जल्द मिलने और उनके सकुशल घर लौटने की उम्मीद जगी है। परिजनों को विश्वास है कि पुलिस और रेलवे प्रशासन द्वारा उमाशंकर ठाकुर का पता लगाने में मदद मिलेगी।

संगम
Date : 22.10.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	16	02.30 p.m.	14
09.30 a.m.	55	03.00 p.m.	33
10.00 a.m.	30	03.30 p.m.	86
10.30 a.m.	91	04.00 p.m	92
11.00 a.m.	24	04.30 p.m.	39
11.30 a.m.	59	05.00 p.m.	45
12.00 noon	37	05.30 p.m.	40
12.30 a.m.	23	06.00 p.m.	79
01.00 p.m.	63	06.30 p.m.	36
01.30 p.m.	32	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	46	Contact for result :	

011-40451774, 011-40451775

चेतक

09.00 a.m.	05	02.30 p.m.	83
09.30 a.m.	14	03.00 p.m.	44
10.00 a.m.	24	03.30 p.m.	27
10.30 a.m.	89	04.00 p.m.	67
11.00 a.m.	60	04.30 p.m.	88
11.30 a.m.	31	05.00 p.m.	36
12.00 noon	22	05.30 p.m.	36
12.30 a.m.	11	06.00 p.m.	61
01.00 p.m.	52	06.30 p.m.	84
01.30 p.m.	15	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	78	Contact for result :	

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

09.00 a.m.	49	02.30 p.m.	51
09.30 a.m.	93	03.00 p.m.	17
10.00 a.m.	65	03.30 p.m.	80
10.30 a.m.	63	04.00 p.m.	35
11.00 a.m.	10	04.30 p.m.	85
11.30 a.m.	62	05.00 p.m.	71
12.00 noon	18	05.30 p.m.	92
12.30 a.m.	80	06.00 p.m.	19
01.00 p.m.	40	06.30 p.m.	29
01.30 p.m.	20	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	96	Contact for result :	

011-40451993, 011-40451994
www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

राजारानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m.	93	MILLENNIUM	2.00 p.m.	64
SUBEHA	9.00 a.m.	96	100	2.30 p.m.	39
KIRAN	9.30 a.m.	32	DIAMOND	3.00 p.m.	61
HINDUSTANI	10.00 a.m.	42	SONA	3.30 p.m.	62
PRABHAT	10.30 a.m.	24	EXPRESS	4.00 p.m.	15
LAJBAB	11.00 a.m.	19	SPECIAL	4.30 p.m.	20
SAMRAT	11.30 a.m.	31	SANDHYA	5.00 p.m.	49
DELUX	12.00 noon	00	CHANDANI	5.30 p.m.	33
AFTERNOON	12.30 a.m.	06	SHAM	6.00 p.m.	94
KING	1.00 p.m.	64	EVENING	6.30 p.m.	13
ROYAL	1.30 p.m.	78	Check result with official website/Gzt.		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

राजश्री
Date : 22.10.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	93	02.00 p.m.	50
09.30 a.m.	25	02.30 p.m.	92
10.00 a.m.	47	03.00 p.m.	22
10.30 a.m.	08	03.30 p.m.	18
11.00 a.m.	92	04.00 p.m.	09
11.30 a.m.	61	04.30 p.m.	41
12.00 noon	16	05.00 p.m.	65
12.30 p.m.	69	05.30 p.m.	64
01.00 p.m.	23	06.00 p.m.	28
01.30 p.m.	37	06.30 p.m.	57

Contact for result :
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608

फतेहपुर में महावीरी झंडा कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न, पुलिस रही मुस्तैद



शिवहर। फतेहपुर एवं विभिन्न जगहों पर आयोजित महावीरी झंडा कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने हेतु पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की तैनाती की गई। एसडीएम डॉक्टर अनंत कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था की सतत निगरानी की गई, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।शिवहर पुलिस ने आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

नि:शुल्क प्राथमिक चिकित्सा एवं पेयजल शिविर

सीतामढ़ी। इण्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सीतामढ़ी द्वारा दशहरा पर्व पर मूर्ति विसर्जन के दौरान नि:शुल्क प्राथमिक चिकित्सा एवं पेयजल शिविर कॉलेज रोड में रेड क्रॉस परिसर के बाहर लगाया गया। रेड क्रॉस सचिव राजेश कुमार सुन्दरका ने बताया कि शिविर में नि:शुल्क पीने के पानी और जख्मी होने पर प्राथमिक चिकित्सा की



व्यवस्था की गई थी। देर रात तक शिविर में 98 लोगों का ईलाज किया गया और आते जाते लोग पानी से प्यास बुझा रहे थे। शिविर मे आए जख्मी लोगों में किसी का सिर फूटा था, किसी के हाथ में कट गया था तो किसी का पैर जख्मी हो गया था। सभी की पट्टी बांधकर टिटनेस की सुई, दर्द की दवा, एंटीबायोटिक व अन्य दवा दी गई। सचिव श्री सुन्दरका ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में कार्यसमिति सदस्य घनश्याम व्यास, डॉ प्रतिमा आनन्द, वाल्मीकि कुमार, विनय कुमार मिश्रा, उपमेयर आशुतोष कुमार, मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद भरतिया, कैट सचिव आलोक कुमार, हलेश्वर मन्दिर सचिव सुशील कुमार, अश्विनी कुमार मिश्र, राहुल कुमार द्विवेदी, श्रवण जीवराजका, मोहन शर्मा, प्रगति कुमार, सुनील कुमार, जीवेश कुमार मिश्रा व सुभाष कुमार ने अपना समय दिया।

नेपाल में सम्मानित किये गये मो. कमरुद्दीन नदाफ

सीतामढ़ी। बज्जिका साहित्य समाज जिला सर्लाही नेपाल के तत्वावधान में मलंगवा नगरपालिका वार्ड 02 स्थित कुशवाहा निवास के सभागार में विजयादशमी के अवसर पर शुभकामना आदान-प्रदान, कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सीतामढ़ी जिले से विशेष रूप से आमंत्रित कवि मो. कमरुद्दीन नदाफ को बज्जिका साहित्य समाज की ओर से कलम, डायरी और गमछा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बज्जिका साहित्य के इतिहास में नेपाल में सबसे अधिक कृतियाँ रचने वाले साहित्यकार, कवि भाव शिरोमणि रामचंद्र महतो कुशवाहा द्वारा बज्जिका भाषा में लिखित पुस्तकें हमर जीवनी, नून खा के खून, माय के ममता और प्रेम के सागर भेंट की गई। इस अवसर पर मो. कमरुद्दीन नदाफ ने कहा कि विजयादशमी यानी दशहरा भारतीय संस्कृति का सबसे बड़ा विजय पर्व है।

बिहार सरकार

गन्ना उद्योग विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

श्री मनीष कुमार, कार्यालय परिचारी, कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, दरभंगा सम्प्रति प्रतिनियुक्त, सचिव कोषांग, गन्ना उद्योग विभाग द्वारा अपनी पत्नी का ईलाज राज्य से बाहर दिल्ली में कराने हेतु दिनांक–13.06.2026 से 05.08.2026 तक कुल–54 दिनों का उपार्जित अवकाश की स्वीकृति संबंधी आवेदन समर्पित किया गया था, परन्तु अवकाश अवधि समाप्ति की तिथि–05.08.2026 के उपरांत भी अपने प्रतिनियुक्त कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए और न ही इस संबंध में किसी प्रकार की सूचना दी गई है। कार्यालय द्वारा उनके मोबाइल पर भी सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, परन्तु सम्पर्क नहीं हो पा रहा है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री कुमार को निदेश दिया जाता है कि 15 दिनों के अंदर गन्ना उद्योग विभाग में उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा नियमानुसार अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

(धीरेन्द्र कुमार)
उप सचिव

PR. No. 014085 (SUGARCANE) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार

कार्यालय नगर पंचायत, सिकन्दरा (जमुई)

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना 01/2026–27

(ई–टेंडरिंग, द्वारा) (www.eproc.bihar.gov.in)

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत सिकन्दरा, जमुई।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– 16.10.2026
3. टेंडर कागजात डाउनलोड करने की अवधि :– दिनांक 31.10.2026 के 10:00 बजे से दिनांक 2011.2026 के 03:00 बजे तक।
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय :– दिनांक 21.11.2026 के 15:00 बजे तक (on website : www.eproc.bihar.gov.in)
5. प्रीबिड मिटिंग की तिथि/समय :– दिनांक 02.11.2026 के 11:00 बजे को स्थान कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सिकन्दरा, जमुई।
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय :– दिनांक 23.11.2026 के 15:30 बजे। (on website : www.eproc.bihar.gov.in)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय :– दिनांक 28.11.2026 के 15:30 बजे। (on website : www.eproc.bihar.gov.in)
8. अग्रधन, सभी शपथ पत्र Existing Comittment (मूल में) एवं परिमाण विपत्र को मूल्य का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान दिनांक 24.11.2026 के 15:00 बजे तक
   स्थान :– (1) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत सिकन्दरा का कार्यालय। (2) कार्यपालक अभियंता, जिला शहरी विकास अभिकरण, जमुई। (3) अधीक्षण अभियंता, बिहार शहरी विकास अभिकरण नगर विकास एवं आवास विभाग, विकास भवन नया सचिवालय, बिहार, पटना का कार्यालय।
9. कार्य का विवरण :–

राज्य योजना के अन्तर्गत ली गयी योजना

क्रमांक	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रु0 में)	अग्रधन की राशि (लाख रु0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रु0 में)	Bid Processing Fee (through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रु0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लूडिंग मॉनसून अवधि माह में)
1	2	3	4	5	6	7
1	राज्य योजना मद से नगर पंचायत सिकन्दरा क्षेत्रान्तर्गत सम्राट अशोक भवन निर्माण कार्य	165.72243	3.32	10000/–	as per eproc	12 माह

NOTE – Bidders should submit Bid Processing Fee through on line payment as per amount generated on website www.eproc.bihar.gov.in
10. निविदा की वैधता अवधि :– 120 दिन
12. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेबसाईट **www.eproc.bihar.gov.in** अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** मे देखा जा सकता है।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत सिकन्दरा, जमुई

PR- 014040 (B & C) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सारण

(अल्पकालीन निविदा आमंत्रण)

सोनपुर मेला वर्ष–2026 के अवसर पर अस्थाई नवसृजित, पुलिस लाईन कैम्प, पुलिस थाना, पुलिस अधीक्षक कैम्प एवं पुलिस पदाधिकारी/पुलिस कर्मियों के आवासन व्यवस्था हेतु **सोनपुर मेला दिनांक– 22.11.2026 से प्रारम्भ होकर, दिनांक 23.12.2026 अर्थात 32 दिनों (सम्पूर्ण मेला अवधि)** के लिए भाड़े पर टेन्ट, पंडाल, लाईट, साउण्ड एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों को समय पर उपलब्ध कराने एवं निर्धारित स्थानों पर लगाने हेतु एक मुश्त दर से प्रति सामान का भाड़ा हेतु पंजीकृत सेवा प्रदायी संस्थानों/फार्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, जो निम्न प्रकार हैं :–

01. कुछ अस्थाई थानों में तीन दिनों के लिए उपरोक्त सामानों की आवश्यकता होगी। उसके लिए सामानुपातिक दर से अथवा तीन दिनों की दर से निविदा में अंकित करेंगें।
02. पंजीकृत निविदादाता का ही निविदाए मान्य होगी। अतः निर्धारित तिथि एवं समय पर दर प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित रहेंगें।
03. निविदा स्वीकृत करने के पूर्ण अधिकार सोनपुर मेला समिति को हैं तथा अंतिम अधिकार वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण के पास सुरक्षित हैं।
04. निविदादाताओं को निविदा के साथ प्रतिभुति मूल रूप से राशि 1,00,000/–(एक लाख रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण के पदनाम से देना होगा।
05. निविदादाता को निविदा के साथ जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र/काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ पत्र/पैन कार्ड/विगत 03 वर्षो (वितिय वर्ष–2023–24, 2024–25 एवं 2025–2026 का आयकर रिर्टन)/03 वर्ष का Audited accounts statement की प्रति निविदादाता को संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी।
06. अद्यतन GST रिर्टन GST R3B की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आनिवार्य होगा तथा वितिय वर्ष 2025–26 में कम से कम 15 लाख रूपये GST जमा करने का साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा।
07. निविदा में संक्षम संस्थानों/फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी।
07. आमंत्रित निविदा में पाये गये न्यूनतम दर पर किसी भी एजेन्सी से कार्य कराने का निर्णय वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा लिया जा सकता है।
08. विद्युत कार्य हेतु प्रयोग में लाये जाने वाले isi Mark तार की गुणवता होनी चाहिए। किसी भी परिस्थिति में नंगे तार एवं असुरक्षित विद्युत उपकरण/सामग्री का उपयोग नहीं किया जाएगा, अन्यथा किसी भी दुर्घटना के लिए संबंधित प्रतिष्ठान पूर्णरूपेण जिम्मेवार होंगें।
09. विद्युत कार्य हेतु संवेदक को कार्य स्थल पर आवश्यकता के अनुरूप 24 घंटे अनुज्ञप्तिधारी बिजली मिस्त्री/टेक्निशियन एवं अतिरिक्त विद्युत सामग्रियों की व्यवस्था रखनी होगी।
10. इस कार्य के लिए किसी प्रकार का अग्रिम राशि देय नहीं होगा।
11. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने एवं बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को पूर्णरूपेण सुरक्षित रहेगा। मेला या इस प्रकार के बड़े आयोजन का कार्य अनुभव रखने वाले निविदादाता को वरियता दी जाएगी।
12. कार्यदेश के अनुरूप कार्य नहीं करने के स्थिति में अंतिम भुगतान से अनुपातिक राशि की कटौती कर ली जाएगी। गुणवता के स्तर में कमी होने पर दण्ड स्वरूप यथोचित कार्रवाई की जाएगी और वरीय पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम निर्णय होगा।
13. अनुमोदित निविदादाता को समय पर आवश्यकतानुसार सभी कार्य करना होगा अन्यथा उनके विरूद्व नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी।
14. दरवारी टेन्ट, ए0सी0 टेन्ट, कनात/पंडाल आदि पूर्णतः सुसज्जित सुन्दर तथा अच्छे एवं नई किस्म के होने चाहिए। गुणवता खराब होने पर अधिष्ठापन की अनुमति नहीं दी जाएगी।
15. आपूर्ति की जाने वाली सभी सामग्रियों साफ–सुथरा अच्छी किस्म एवं नई होनी चाहिए।
16. सोनपुर मेला के कार्यो से संबंधित विपत्र एवं लगाये गये सामग्रियों/कार्यो के गुणवता के संदर्भ में सोनपुर मेला समिति द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के आधार पर किया जाएगा।
17. स्वीकृत संवेदक को निर्धारित तिथि–**18.11.2026** तक सभी कार्य पूर्ण कर देना होगा संवेदक को मेला समाप्ति के पश्चात शिविर में लगाये गये सभी उपकरण एवं सामग्रियों को अपने लागत दर पर वापस लेना होगा तथा पुरे परिसर को पूर्ववतः बहाल करना होगा।
18. निविदा मोहर बंद लिफाफे में पुलिस केन्द्र, सारण के कार्यालय में जमा करने हेतु **दिनांक–02.11.2026 को समय–16:00** बजे तक अंतिम तिथि निर्धारित की जाती है। **दिनांक–03.11.2026 को समय–15:00** बजे निविदा उपलब्ध निविदादाता एवं समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी।
19. निविदा–(परिशिष्ट–'क') मूल सूची सारण पुलिस के सोशल मिडिया पेज एवं जिला के वेबसाईट पर अंकित की जायेगी।

PR- 014083 (Police) 2026-27

वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।